भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
31.07.2024 के
अतारांकित प्रश्न सं. 1406 का उत्तर

सामान्य/शयनयान बोगियों में अत्यधिक भीड़-भाड़

1406. श्री असादुद्दीन ओवैसी:
श्री मुरारी लाल मीना:
श्री तनुज पुनिया:
श्री हैबी ईडन:
श्री सुरेश कुमार शेटकर:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 2019 से अब तक भारतीय रेलगाड़ियों में यात्रियों की आवाजाही के आंकड़ों का ब्यौरा क्या है;
(ख) सरकार द्वारा व्यस्ततम समय और त्यौहारों के दौरान यात्री रेलगाड़ियों में अत्यधिक भीड़-भाड़ की समस्या से निपटने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं;
(ग) क्या सरकार ने कम लागत वाली यात्री रेलगाड़ियों की संख्या में कटौती की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इसके क्या कारण हैं;
(घ) क्या सरकार का भीड़-भाड़ की समस्या से निपटने के लिए यात्री रेलगाड़ियों में नए डिब्बे जोड़ने का विचार है;
(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(च) क्या सरकार गैर-वातानुकूलित डिब्बों में कमी के कारण सामान्य और शयनयान बोगियों में अत्यधिक भीड़-भाड़ से अवगत है; और
(छ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (छ): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

******

s.k

सामान्य/शयनयान बोगियों में अत्यधिक भीड़-भाड़ के संबंध में दिनांक 31.07.2024 को लोक सभा में श्री असादुद्दीन ओवैसी, श्री मुरारी लाल मीना, श्री तनुज पुनिया, श्री हैबी ईडन और श्री सुरेश कुमार शेटकर के अतारांकित प्रश्न सं. 1406 के भाग (क) से (छ) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क) से (छ): कोविड-19 महामारी के कारण वर्ष 2019 से 2024 तक यात्री यातायात में काफी भिन्नता थी। बहरहाल, भारतीय रेल विभिन्न संरचना के साथ विभिन्न प्रकार की नियमित समय-सारणी वाली गाड़ियों जैसे उपनगरीय, कम दूरी की पैसेंजर गाड़ियों, लंबी दूरी/मेल एक्सप्रेस/सुपरफास्ट गाड़ियों का परिचालन करती है जिनसे यात्रियों के विभिन्न वर्गों की आवश्यकताओं की पूर्ति होती है। मौजूदा नीति के अंतर्गत मेल/एक्सप्रेस रेलगाड़ियों की संरचना के संबंध में 22 डिब्बों की गाड़ी संरचना में 12 (बारह) सामान्य श्रेणी और स्लीपर श्रेणी के गैर-वातानुकूलित रेलडिब्बों और 08 (आठ) वातानुकूलित रेलडिब्बों का प्रावधान है, जिससे सामान्य और गैर-वातानुकूलित स्लीपर कोच के यात्रियों को अधिक स्थान मिलता है। इस समय गाड़ी सेवाओं के परिचालन के लिए उपयोग किए जा रहे कुल सवारी डिब्बों में से दो-तिहाई गैर-वातानुकूलित और एक-तिहाई वातानुकूलित प्रकार के होते हैं। इसके अतिरिक्त, भारतीय रेल ने अमृत भारत गाड़ी सेवाओं का परिचालन भी शुरू कर दिया है जो यात्रियों को उच्च गुणवत्ता वाली सेवाएं प्रदान करने वाली पूर्ण रूप से गैर-वातानुकूलित रेलगाड़ियां हैं।

इसके अलावा, भारतीय रेल त्यौहारों, छुट्टियों आदि के दौरान विशेष रेलगाड़ी सेवाओं का परिचालन यात्रियों के लिए अतिरिक्त स्थान मुहैया कराने का निरंतर प्रयास करती है। 2023 के दौरान 527 होली स्पेशल, 6369 समर स्पेशल और 4480 छठ/दिवाली स्पेशल रेलगाड़ियां चलाई गई थी। इसके अलावा, अतिरिक्त मांग को पूरा करने के लिए स्थायी और अस्थायी दोनों आधार पर गाड़ियों के भार को आवर्धित किया जाता है। ये भारतीय रेल पर सतत् प्रक्रियाएं हैं। इसके अतिरिक्त, बढ़ी हुई मांग को ध्यान में रखते हुए, भारतीय रेल में सामान्य श्रेणी और शयनयान श्रेणी के सवारी डिब्बों सहित 10,000 गैर-वातानुकूलित सवारी डिब्बों के विनिर्माण की योजना बनाई है।

******

s.k